हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 13 जुलाई 2025

06 सड़कों पर मवेशियों का कब्जा, नपा ने तेज किया...



10 पुलिस ने किया करनी सेना के जिलाध्यक्ष सहित अन्य...





### फरवरी 24 में मिट्टी धंसने से मजदूर की हुई मौत के मामले में हुई कार्रवाई

# 17 महीने के बाद लापरवाही पर कंपनी अधिकारियों पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर में अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन डाल रही भुवन इंफ्रा कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, मैनेजर और सुपरवाइजर के खिलाफ लापरवाही से मौत (धारा 304ए) का केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई 17 महीने बाद की गई है। मजदूर की मौत फरवरी 2024 में नंद विहार कॉलोनी में मिट्टी धंसने से हुई थी।

भोपाल निवासी मजदूर अकील खान को कंपनी ने 28 फरवरी 2024 को सीवरेज लाइन डालने के लिए करीब 12 फीट गहरी नाली में उतारा था, वह जमीन समतल कर रहा था। तभी नाली की मिट्टी धंस गई और अकील नीचे दब गया। साथियों ने रस्सी डालकर उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन उसका हाथ छूट गया।

शहर में अंडरग्राउंड सीवरेज पाइप लाइन डाल रही भुवन इंफ्रा के कर्मचारियों पर 17 माह लापरवाही उजागर होने पर एफआईआर दर्ज की गई।



### दो घंटे चला था रेस्क्यू, नहीं बचाई जा सकी जान

करीब दो घंटे तक होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन अकील को जिंदा बाहर नहीं निकाला जा सका। जांच में सामने आया कि कंपनी ने कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की थी और बिना सेफ्टी के मजदूरों से काम कराया जा रहा था।

### कंपनी की लापरवाही हुई थी उजागर



एक मजदूर पप्पू करीब ढाई फीट गहरे गड्ढे में दब गया था, जिसे जेसीबी और स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। इस घटना ने भी कंपनी की लापरवाही उजागर की थी। अकील की मौत के बाद प्रशासन ने जांच कराई थी, जिसमें सामने आया कि कंपनी और ठेकेदार ने सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया और न ही एजेंसियों ने मॉनीटरिंग की। यही लापरवाही अकील की मौत का कारण बनी।

### कंपनी डायरेक्टर, मैनेजर पर मामला दर्ज

कोतवाली पुलिस के एसआई अनुज बघेल ने जांच के बाद शुक्रवार रात को कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रवि प्रसाद, मैनेजर अरुण शर्मा और सुपरवाइजर मुन्ना तिवारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304(ए) और 34 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया। इससे पहले 30 जून को कंचन नगर रसूलिया में भी सीवरेज लाइन डालते समय मिट्टी धंस गई थी।

## दयाल अस्पताल के समर्थन में उतरा आईएमए, पत्रकारवार्ता कर दी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बीते दिनों हुई नीरज राजपूत की संदेहास्पद मौत के मामले में दयाल अस्पताल के बचाव और समर्थन में इंडियन मेडिकल एसोशिएशन आगे आया है। हालांकि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आर दयाल स्वयं इटारसी आईएमए के अध्यक्ष हैं तो यह होने की संभावना भी जताई जा रही थी। शनिवार को आईएमए इटारसी ओर नर्मदापुरम ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने दयाल अस्पताल का पक्ष रखते हुए नीरज की मौत में अस्पताल की लापरवाही जैसी बातों से पल्ला झाड़ा, साथ ही नीरज की मौत को लेकर बनाए जा रहे माहौल को चिकित्सकों का मनोबल गिराने का प्रयास बताया। पत्रकार वार्ता को नर्मदापुरम आईएमए अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अतुल सेठा ने संबोधित किया। डॉ सेठा ने दयाल अस्पताल द्वारा नीरज के इलाज के दौरान किए गए सभी क्रियाकलापों की विस्तार से जानकारी पत्रकारों के समक्ष रखी।

उन्होंने यह दावा किया कि दयाल अस्पताल ने अपने स्तर पर अच्छे से अच्छा ओर उच्च श्रेणी का उपचार प्रदान किया। उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट में नीरज की बाई जांघ की हड्डी टूटी ओर फ़ेमोरल आर्टरी, जो खून की मुख्य नस होती है वह कट गई थी। जो आगे चलकर उसकी हालत में गिरावट ओर आखिर में संभवतः मौत का कारण बनी होगी। हालांकि एक बात गौर करने वाली यह है कि पूरी पत्रकार वार्ता में मंच पर बैठे चिकित्सकों के समूह ने सिर्फ ओर सिर्फ दयाल अस्पताल का बचाव किया।



### हरिभूमि का सवाल, मंच का रहा गोलमोल जवाब

पत्रकार वार्ता में हरिभूमि ने सवाल किया कि आखिर कोविड के बाद से ही लगातार क्यों दयाल अस्पताल पर आरोप ओर सवाल लगते रहे हैं। जबकि शहर में दर्जनों अस्पताल और डॉक्टर रोजाना हजारों मरीजों का इलाज कर रहे हैं लेकिन इतनी बड़ी संख्या में नागरिक ओर मरीज सिर्फ दयाल अस्पताल पर ही इलाज में गड़बड़ी, पैसों की अंधी लुट, लापरवाही जैसे आरोप लगाते है। जिसके जवाब में पहले तो डॉ अतुल सेठा ने भावनात्मक जवाब देते हुए कहा कि इटारसी में इतना बड़ा सेटअप और मशीनरी दयाल अस्पताल में ही उपलब्ध है, काम करते हैं तो गलतियां तो होती है। जबकि आईएमए ने इस सवाल पर विचार करना आवश्यक नहीं समझा कि क्यों कोविड ओर उसके बाद दयाल अस्पताल इस तरह के विवादों में शामिल रहता है। आईएमए की इस तरह की सोच से एक सवाल ओर सोचने में आता है कि क्या यह संगठन सिर्फ गलतियों पर परदा डालने, सफाई देने, गलती करने वाले चिकित्सक ओर अस्पताल को संरक्षण देने के लिए ही बने है या फिर उनका नागरिकों ओर मरीजों के प्रति भी कोई उत्तरदायित्व है।

## नपा में आवास योजना के तहत हुआ कार्यक्रम



**नर्मदापुरम।** नगरपालिका सभाकक्ष में आज खुशी का दिन था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 43 हितग्राही अपने नवीन घर में प्रवेश कर रहे थे तो 215 हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र प्रदान किए जा रहे थे। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 43 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया एवं पीएमएबाय 2 के तहत नए 215 हितग्राहियों को नवीन स्वीकृत पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, भाजपा नेता पं.पीयूष शर्मा, नोडल अधिकारी अंबक पाराशर सहित भाजपा के कार्यकर्ता, सभापतिगण, पार्षदगण और नगपालिका के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही इंदौर के विलियंट कांवेन्स सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को सीधा प्रसारण के माध्यम से सुना गया।

### राशन दुकान संचालक विक्रेता तुलावटी जनकल्याण संघ ने राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन

**नर्मदापुरम।** सांसद कार्यालय में मध्य प्रदेश राशन दुकान संचालक विक्रेता तुलावटी जनकल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद माया नारोलिया को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित राशन दुकानों के कमीशन एवं प्रबंधकीय अनुदान की नियमित प्रदायगी सुनिश्चित किए जाने के संबंध में प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन प्राप्त करने के पश्चात ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों और समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे भारत सरकार के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगी।

### श्री समर्पण श्री ने नगर व्यवस्था में सुधार हेतु सीएमओ को भेंट किए फूल



**नर्मदापुरम।** शनिवार को श्री समर्पण श्री ने नगर व्यवस्था में सुधार हेतु एवं नगर प्रशाशन को नींद से जगाने हेतु गांधिवादी तरीके से सीएमओ को फूल भेंट किए। सुगंधित फूल देने के तात्पर्य ये है कि जिस तरह फूल की खुशबू से वातावरण सुगंधित हो जाता है और व्यक्ति का मन उस सुगंध से प्रफुल्लित हो जाता है तो हमारी सीएमओ से अपेक्षा है कि वो जल्द से जल्द शहर में मच रही गंदगी और बदबू से शहर को मुक्त करे। इस दौरान स्वदेश सैनी, अतुल जोशी, गोलू राजपूत, अंकित सैनी, राहुल राव, अनिल राजपूत आदि मौजूद रहे।




**खबर संक्षेप**

### अधिकारी-कर्मचारियों को दिखाई गई फिल्म सितारे जमीन पर



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की पहल पर कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मानसिक दिव्यांग जनों के प्रति सद्भावना एवं संवेदनशीलता विकसित करने के लिए प्रसिद्ध प्रेरणादायक फिल्म सितारे जमीन पर दिखाई गई। यह विशेष आयोजन जिला मुख्यालय स्थित कांति शिवा टॉकीज में सम्पन्न हुआ। फिल्म प्रदर्शन के दौरान अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य मानसिक रूप से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और व्यक्तियों के साथ करुणा, समझदारी और सहयोगपूर्ण व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के बाद कई अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि फिल्म ने उन्हें मानसिक दिव्यांग जनों की चुनौतियों को समझने और उनके प्रति सहानुभूति रखने के लिए प्रेरित किया। जिले में इस तरह का नवाचार पहली बार कलेक्टर के माध्यम से किया गया है, जिसमें न केवल फिल्म के माध्यम से दिव्यांग जनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा, बल्कि कर्मचारियों को अपने पारिवारिक अनुभवों से जोड़ते हुए शासकीय कार्यों में भी एक नई ऊर्जा और आनंद की अनुभूति होगी। यह प्रयास न केवल प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाएगा, बल्कि कार्यस्थल पर सौहार्द और संवेदनशीलता का वातावरण भी निर्मित करेगा।

### मातृ शक्ति परशुराम मंडल ने किया वृहद स्तर पर पौधरोपण



**बैतूल।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा एवं मातृ शक्ति परशुराम मंडल मुलताई द्वारा शासकीय हाई स्कूल सेमझिरा शाला परिसर में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम श्रीमती आरती तिवारी के आतिथ्य में और संस्था के प्राचार्य नीलेश्वर कालभोर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मातृ शक्ति परशुराम मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को पौधारोपण का महत्व बताया गया। प्राचार्य नीलेश्वर कालभोर ने बताया कि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में प्रत्येक विद्यार्थी ने पौधे और अपनी मां के साथ फोटो लेकर पोर्टल पर अपलोड कर पौधे को पालने का संकल्प लिया है। महिला मंडल द्वारा बालिकाओं को किसी भी विपरीत समस्या में सूझबूझ से निपटने के निराकरण बताए गए और किसी भी परेशानी में सहायता का आश्वासन दिया गया। पौधारोपण में 14 महिला पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ मिलकर शाला परिसर में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया।

## पशु मालिक सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं मवेशी, आमलोग होते हैं परेशान

# सड़कों पर मवेशियों का कब्जा, नपा ने तेज किया गोशाला भेजने का अभियान



संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

शहर में आवारा मवेशियों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। शहर की हर सड़क पर मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। आवारा मवेशियों का जमावड़ा जहां शहर की मुख्य सड़कों पर रहता है। वहीं वार्ड के अंदर की सड़कों पर भी ये धमाचौकड़ी करते देखे जा सकते हैं। रात के समय भी यह आवारा बिना रेडियम पट्टी एवं स्टीकर वाले मवेशी वाहनों के सामने आ जाते है। जिससे आवागमन तो बाधित होता ही है, साथ ही ये दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। मवेशी कभी वाहनों के सामने खड़े हो जाते है, तो कभी राह चलते लोगों पर दौड़ पड़ते है।

इनकी संख्या दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। जिसका खामियाजा आमजन को चुकाना पड़ रहा। खास बात यह है कि आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी के कारण सब्जी व्यापारियों को भी खासा नुकसान उठाना पड़ता है। इसे देखते हुए नगर पालिका ने मवेशियों को पकड़ने का अभियान तेज कर दिया है। यहां गौरतलब है कि पिछले मंगलवार को जिले के प्रवास पर आए अध्यक्ष पशुपालन एवं डेयरी विभाग भारत सरकार तथा सदस्य एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया श्रीराम रघुवंशी के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अंतर्गत हुई समीक्षा बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि निराश्रित गोवंशों को नगरीय निकायों के माध्यम से गौशालाओं में शिफ्ट किया जावे।

### सब्जियों और खाने की वस्तुओं पर मारते है मुंह

शहर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा गाय, बैल, भैंस बीच सड़क पर बैठे रहते हैं। कई बार दो पहिया वाहन चालक इन मवेशियों को बचाने के चक्कर में फिसल जाते है। आवारा मवेशियों से सबसे ज्यादा परेशानी सब्जी व्यापारियों को उठाना पड़ता है। दुकानों में रखे सामान या खाने की वस्तुओं को आवारा मवेशी मुंह मारते है या उन्हें बिखेर देते है, जिससे सब्जी बेचने वाले गरीब किसानों को भी काफी नुकसान होता है। सब्जी व्यापारी सुभाष कुमरे, संदीप सातपुते, लता पवार, संजू साहू ने बताया कि मवेशियों को डंडा मार कर भगाने पर यह मवेशी किसी वाहन से टकरा जाते हैं या उल्टे सिंग मारने को दौड़ते है। इसकी वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।

### रात के समय घेर लेते हैं सडक

शहर की सड़कों पर दिन भर स्वच्छंद विचरण करने वाले आवारा पशु रात में सडकों पर बैठ जाते हैं। इसकी वजह से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। इन पशुओं के सींग पर रेडियम पट्टी, स्टीकर न लगी होने से यह रात्रि में लोगों को यह दूर से नजर नहीं आते, जिससे कई बार दो पहिया वाहन चालक तो दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वहीं इन्हें बचाने के चक्कर में फिसल जाते या अन्य वाहन से टकराकर हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा कई जगहों पर मवेशियों का झुंड रात को सड़क को घेरकर बैठ जाते है और बार बार हार्न बजाने पर भी नहीं उठते।

### नगरपालिका के पास नहीं है कांजी हाऊस

नगरपालिका आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान तो चलाती है, लेकिन मवेशियों को रखने के लिए नपा के पास कांजी हाउस नहीं है। शहर में कांजी हाउस ना होने से भी नगर पालिका को अच्छी खासी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। कड़ाई की गौशाला जो शहर से लगभग 8 किलोमीटर दूर है, वहां मवेशियों को छोड़ने पर नपा को अच्छा खासा डीजल वहन करना पड़ता है। गौरतलब है कि पहले बैतूलगंज क्षेत्र में बिल्डर व्यायाम शाला के बाजू में कांजी हाउस हुआ करता था, परंतु उसके बाद कांजी हाउस बंद हो जाने से नपा को आवारा मवेशियों को रखने में परेशानी होने लगी। तत्कालीन नपा सीएमओ प्रियंका पटेल ने कढ़ाई गौशाला को नपा की आवारा मवेशी रखने की अधिकृत गौशाला बनवाया था।

### गोसेवकों ने नपा की कार्रवाई पर जताई आपति



फाइल फोटो

इधर गौ-सेवकों ने नगरपालिका की कार्यवाही पर आपत्ति जताई है। नंदिनी गौशाला के गौ-सेवक गिरीश खंडेलवाल, उत्पल शुक्ला, गौ सांसद अरविंद मालवीय सहित अन्य का कहना है कि नगरपालिका द्वारा गौवंश सहित अन्य पालतू मवेशियों को पकड़कर कढ़ाई कांजी हाउस तो भेजा जा रहा है, लेकिन यहां गोवंश को रखने के लिए न तो पर्याप्त जगह है और न ही व्यवस्था एवं संसाधन है। यह गौशाला न होकर कांजी हाऊस है। कढ़ाई गौशाला में गायों के विचरण के लिए पर्याप्त चरनोई की जमीन भी नहीं है। 5 एकड़ की गौशाला में थोड़ी सी पथरीली जगह पर फेंसिंग करके गोवंश-मवेशियों को रखा गया है जबकि हरियाली वाली बड़ी जगह को ऐसे ही खाली छोड़ दिया गया है। जिसके चलते विगत दिनों यहां क ई गायों की मौत भी हो चुकी है। पर्याप्त संसाधन न होने के बावजूद गौवंश मालिकों से भारी जुर्माना लिया जा रहा है। गौ-सेवकों का कहना है कि गाय हमारी माता है ऐसे में पूजनीय गौमाता को निर्ममतापूर्वक रखा हम लोगों की आस्था के विपरीत है। इसके संबंध में जल्द ही जिला कलेक्टर और नपा सीएमओ से मिलकर ज्ञापन दिया जाएगा। गौसेवक गिरीश खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अंतर्गत संचालित गौशालाओं के पंजीयन, पशु क्रूरता अधिनियम के क्रियान्वयन इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करने की आवश्यकता है। उन्होंने चारे की पर्याप्त उपलब्धता के लिए गौशालाओं को चरनोई भूमि आवंटित करने एवं घायल गौवंशो को तत्काल उपचार देने की मांग की। उन्होंने कहा कि बारिश को ध्यान में रखते हुए गोवंशों के बैठने के लिए स्पॉट भी बनाना चाहिए।

### इनका कहना है

नगर के समस्त पशु मालिको से नगर पालिका परिषद बैतूल अपील करती है कि अपने पालतू पशुओं को सड़क पर आवारा ना छोड़े, इससे आए दिन जहां दुर्घटनाएं होती रहती है वहीं मनुष्य के साथ-साथ पशुधन को भी हानि होती है। अतः अपने पालतू पशुओं को रेडियम पट्टी, स्टीकर लगाकर एवं बांधकर रखें तथा जुर्माने की कार्रवाई से बचें। नपा द्वारा लगातार आवारा मवेशियों को पकडकर गौशाला भेजने एवं जुर्माने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**सतीश मटसेनिया**, सीएमओ नगर पालिका बैतूल

नपा द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत 1 जनवरी से लेकर अब तक लगभग 132 मवेशियों को पकड़कर गौशाला पहुंचाया गया है। जिसमें पिछले बुधवार से चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत 75 मवेशी आज शनिवार तक के पकड़े वाले शामिल हैं। इसके पहले 1 जनवरी से 57 मवेशी पकड़े थे। खासकर आज शनिवार के दिन 45 मवेशियों को नपा कर्मी पैदल ही गौशाला लेकर पहुंचे। इस दौरान 4 पशुमालिको पर आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

**ब्रजगोपाल परते**, प्रभारी कढ़ाई गौशाला, नगर पालिका बैतूल

## जबलपुर हाईकोर्ट बोला- कोई सबूत नहीं

# रविंद्र देशमुख सुसाइड केस में भाजपा नेता समेत 3 को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सारणी के बहुचर्चित रविन्द्र देशमुख सुसाइड केस में जबलपुर हाईकोर्ट ने तीन भाजपा नेताओं को राहत दी है। कोर्ट ने रंजीत सिंह, प्रकाश देशमुख और दीपक देशमुख को आरोपमुक्त करते हुए कहा कि उनके खिलाफ आत्महत्या के दुष्प्रेरण का कोई मामला नहीं बनता। पुलिस ने पिछले साल अक्टूबर में इस मामले में दस लोगों को आरोपी बनाया था।

अधिवक्ता अजय सिंह चौहान ने बताया कि कोर्ट ने मामले में आरोप गलत तरीके से तय किए जाने की बात कही है। कोर्ट ने रंजीत सिंह, प्रकाश शिवहरे और दीपक शिवहरे को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 108 सहपठित 3(5) के तहत आरोपमुक्त कर दिया है। तीनों आरोपियों को बैतूल के प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष लंबित एसटी क्रमांक 07/2025 से भी मुक्त कर दिया गया है। कोर्ट ने इन टिप्पणियों के साथ पुनरीक्षण याचिकाओं को स्वीकृत कर उनका निपटारा कर दिया। जबलपुर हाईकोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत नहीं है जो यह दर्शाता हो कि आरोपियों ने मृतक को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया। कोर्ट ने कहा कि यह साबित नहीं हुआ कि आरोपी पैसों के लाभार्थी थे या उन्होंने सीधे पैसे लिए या मृतक को धमकी दी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बताए गए तथ्यों और कानूनों के आधार पर कोर्ट ने तीनों आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया।

### यह है मामला

भाजपा नेता रविंद्र देशमुख ने 7 अक्टूबर 2024 को कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। सारणी पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर दस लोगों को आरोपी बनाया था। नोट में आरोपियों पर मृतक को पैसों की मांग के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने की धमकी देने का आरोप था। सुसाइड नोट में रंजीत सिंह, प्रकाश शिवहरे, दीपक शिवहरे, प्रमोद गुप्ता, अभिषेक साहू, मोहम्मद नसीम रजा, शमीम रजा, नाजिया बानो, करण सूर्यवंशी और भोला सिंह उर्फ रामनारायण सिंह का नाम था। बाद में पुलिस ने चार और लोगों को आरोपी बनाया। वहीं सुसाइड केस में मुख्य आरोपी माने जाने वाले भाजपा नेता रंजीत सिंह, प्रकाश शिवहरे और करण को सुप्रीम कोर्ट से पहले अंतरिम जमानत मिली थी। यह जमानत उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर 21 जनवरी तक होने वाली सुनवाई तक के लिए दी गई थी। तीनों आरोपियों को एक-एक लाख रुपए का मुचलका भरना पड़ा था।

### दिव्यांगता से परेशान युवती ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

चिचोली क्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय युवती शिवरती ने अपनी दिव्यांगता से परेशान होकर कीटनाशक पी लिया। शनिवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका किशोरावस्था से ही विकलांग थी और एक हाथ और एक पैर से चलने-फिरने में असमर्थ थी। जांच अधिकारी उमाकांत मिश्रा ने बताया कि घटना शुक्रवार की है। जब शिवरती घर में अकेली थी, तब उसने घर में रखा कीटनाशक दवा पी ली। कुछ समय बाद जब परिजन खेत से लौटे, तो उन्होंने उसे अर्धबेहोशी की हालत में पाया। तुरंत उसे चिचोली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शिवरती छठवीं कक्षा तक पढ़ी थी, लेकिन किशोरावस्था में ही वह दिव्यांग होने से वह तनाव में रहती थी और अक्सर उदास रहा करती थी। अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच जारी है।

## न्यायालय निर्णयों के क्रियान्वयन में देरी पर जताई नाराजगी

# विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन की बैठक में उठीं कई अहम मांगें



**बैतूल।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक शनिवार 12 जुलाई को कैम्पेन हाउस परिसर, लिंक रोड बैतूल में संपन्न हुई। बैठक में 100 से अधिक सदस्य शामिल हुए। बैठक की। अध्यक्षता अमर लाल गोहिते ने की और कार्यक्रम की शुरुआत संगठन मंत्री प्रकाश मांडवे के संबोधन से हुई। उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने के लिए क्षेत्रीय दौरा कर सदस्यों की समिति बनाकर संपर्क अभियान चलाने का सुझाव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। बैठक में विधि सलाहकार व सचिव एमएम अंसारी ने जबलपुर में 24 जून को आयोजित केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि महंगाई राहत की धारा 49(6) का शासन द्वारा अनावश्यक और भेदभावपूर्ण दुरुपयोग किया जा रहा है। साथ ही पेंशन सुरक्षा की गारंटी के लिए एस्क्रो अकाउंट, कैशलेस चिकित्सा बीमा योजना, और कम्युटेशन कटौती अवधि को लेकर दी जा रही गलत जानकारी पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा खारिज याचिकाओं और 30 जून के न्यायालय निर्णयों के बावजूद एरियर्स के भुगतान में अनावश्यक देरी की जा रही है, जो चिंता का विषय है।

### ग्वालियर में होगा रजत जयंती समारोह का आयोजन

एमएम अंसारी ने बताया कि आगामी समय में ग्वालियर में रजत जयंती समारोह का आयोजन होगा, जिसमें बैतूल से भी कई सदस्यों ने भाग लेने की इच्छा जताई है। बैठक में 8वें वेतन आयोग की स्थिति, पेंशनर्स से जुड़े भ्रम, और अन्य लंबित समस्याओं को लेकर संगठन की आगे की रणनीति भी रखी गई। बैठक में आर डी यादव, ललित कुमार सिसोदिया, सरस्वती खांडवे सहित कई सदस्यों ने भी विचार रखे। सरस्वती खांडवे, अनिता उइके, शीला मालवी, सुशीला देशमुख, माधुरी पवार, शारदा साहू, शकुतला बाई कमला कनेरे, सुनिता घोघरे, शेख इशाक, अशोक गुलहाने, रियाज खान, रामप्रसाद डोंगरे सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ संगठन को मजबूती देने की दिशा में चर्चा की गई।

### खेल प्रतिभाओं और प्रशिक्षकों का किया सम्मान

# लायंस क्लब ताप्ती नगरी का शपथ ग्रहण संपन्न, नमन अग्रवाल को बनाया अध्यक्ष



**मुलताई।** लायंस क्लब मुलताई ताप्ती नगरी का शपथ ग्रहण समारोह उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। नमन अग्रवाल को लायंस क्लब मुलताई ताप्ती नगरी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर शपथ अधिकारी नागदा से पधारे लायन पंकज मारु वॉइस वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर झ जिला 3233 जी 2 ने नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर लायन पी.एस. बग्गा, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, एवं विशेष अतिथि लायन आशीष जैन, जोन चेयरपर्सन उपस्थित थे।पूर्व अध्यक्ष लायन महेश नायक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन नमन अग्रवाल को अध्यक्षीय पिन लगाकर पदभार ग्रहण करवाया। लायन अभिषेक अग्रवाल झ सचिव,लायन नीरज ठाकरे झ कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यकारिणी में दायित्व ग्रहण किया गया। लायन नमन अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आगामी सेवा प्रकल्पों की घोषणा की, जिनमें प्रमुख हैं झवृक्षारोपण, सार्थक दीपावली, विकलांग सहायता शिविर, रक्तदान शिविर,सडक यात्रा सुरक्षा जागरूकता सप्ताह,सामाजिक जागरूकता शिविर। आदि आयोजनों है ,कार्यक्रम में पूर्व लायन स्व . रवि धोपाड़े एवं लायन स्व नवल अग्रवाल की स्मृति में खेल प्रतिभाओं और प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल ओपन सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मुलताई का प्रतिनिधित्व करते हुए कुमारी रानी घागरे एवं तन्मय प्रजापति ने गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय स्तरीय नाटक लकीर को प्रस्तुत करेंगे कलाकार

**बैतूल।** बैतूल की सांस्कृतिक फिजा एक बार फिर रंगमंच की गूंज से महकने वाली है। शहर के रंगप्रेमियों को एक अलग अनुभव देने के उद्देश्य से सुप्रसिद्ध नाट्य संस्था नीरज रंगमंडल बैतूल 14 जुलाई को सतपुड़ा नाट्य महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें अभिनय, निर्देशन और रंगमंचीय परंपराओं की उत्कृष्टता एक मंच पर नजर आएगी। नाट्य महोत्सव का आयोजन 14 जुलाई को शहर के केसर बाग में शाम 6.30 बजे से किया जाएगा। नाटक का निर्देशन बैतूल के लोकरंग कलाकार सोनू कुशवाहा द्वारा किया गया है। आयोजन समिति के नेताराम रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नाट्य समारोह में बैतूल की आरम्भ नाट्य संस्था लकीर नाटक की प्रस्तुति देगी। उन्होंने बताया कि यह नाटक समाज की सच्चाइयों को मंच पर जीवंत करता है और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करता है। कार्यक्रम के दौरान बैतूल रंगमंच के वरिष्ठ रंगकर्मी आशुतोष दुबे को ह्यनीरज नाट्य गौरव सम्मानह्न से सम्मानित किया जाएगा।

# अखंड भजन सप्ताह का समापन

### हुआ विशाल भंडारे का आयोजन, समिति ने माना आभार



**भैंसदेही।** श्री दुर्गा मंदिर संस्थान भैंसदेही के तत्वावधान में चल रहे अखंड भजन सप्ताह का समापन शनिवार को विशाल भंडारे के साथ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। बता दे कि अखंड भजन सप्ताह की शुरूआत 5 जुलाई को की गई थी, वहीं समापन 12 जुलाई को किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। दुर्गा मंदीर संस्थान अध्यक्ष शैलेन्द्र जैस्वाल ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण में अखंड भजन सप्ताह का आयोजन किया गया। प्राचीन दुर्गा मंदिर में अखंड भजन सप्ताह का यह 44 वाँ वर्ष है। जिसमें दिन-रात 24 घंटे पुरुष, महिला मंडलों द्वारा क्षेत्र की सुख-शांति के लिए मंदिर में भजन की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें शहर के अलावा आसपास गांवों और शहरों की दर्जनों भजन मंडल हिस्सा लेकर माँ के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। पंडित श्री तिवारी ने बताया कि अखंड भजन सप्ताह के समापन पर सुबह विधिविधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला बैतूल (म.प्र.)**

**प्र.क्र. 0002 पुनरीक्षण वर्ष 2025-26**
**मौजा बदनूरखाना तहसील जिला बैतूल मप्र.**

1. - रमेश बोरखड़े, अध्यक्ष, सर्व सेन समाज कल्याण एवं विकास समिति बैतूल, तहसील जिला बैतूल म.प्र. ........... **आवेदक / पुनरीक्षणकर्ता**

**विरूद्ध**

1.-रामेश्वर साहू पिता नामालूम पता नामालूम
2.-कृष्ण कुमार पिता नामालूम पता नामालूम
3.-अन्य क्षेत्रवासी सदर बैतूल, तहसील जिला बैतूल मप्र......**अनावेदकगण/उत्तरवादीगण**

**: पक्षकारों की उपस्थिति हेतु सूचना :**

इस न्यायालय में विचाराधीन उपरोक्त पुनरीक्षण प्रकरण में, उत्तरवादी क्रमांक 2 कृष्णकुमार पिता नामालूम, पता नामालूम तथा उत्तरवादी कमांक 3 अन्य क्षेत्रवासी, सदर बैतूल तहसील जिला बैतूल म.प्र. की उपस्थिति हेतु आगामी सुनवाई तिथि 21-07-2025 नियत की गई है। अतएव उत्तरवादी क्र. 2 एवं 3 नियत पेशी तारीख 21-7-2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित रहकर अपना पक्ष समर्थन करना सुनिश्चित करें। नियत तिथि पर उक्त उत्तरवादी के उपस्थित न होने की दशा में उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर, बैतूल**

## ग्रामीण विकास मंत्री पहुंचे ताप्ती, वर्धा, बेल उद्गम स्थल

# जल और नदियां रही होगी तभी सभ्यता पैदा हुई : मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




हमने खुद के या खेतों के लिए नदियों के जल से मतलब रखा किंतु जल कहां आज से आता है, इसका हमें ध्यान नहीं। जल रहा होगा, नदी रही होगी तभी सभ्यता पैदा हुई उक्त बात नदियों के उद्गम स्थलों की खोज में निकले मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ताप्ती उद्गम स्थल मुलताई एवं वर्धा उद्गम स्थल मुलताई क्षेत्र के ग्राम खेरवानी का दौरा करने के बाद आमला ब्लॉक के अंबाडा ग्राम पंचायत में बेल नदी के उद्गम का भ्रमण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समय के साथ हमारे मन में लालच आ गया, हमने पानी से तो मतलब रखा किंतु पानी के स्त्रोतों से मतलब नहीं रखा आज मैं 63वीं नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचा हूं, मैंने देखा है कि जहां भी नदियों के उद्गम रहे हैं वहां जंगल रहे होंगे अगर आज यह जल स्त्रोत सुख हैं इसका मतलब है हमने वहां से पेड़ों को काटा है।

अगर आप पौधे लगाते हैं और उसे जीवित रखते है तो वह आप अपने लिए नहीं बल्कि अपनी आने वाली पीढियां का भला करते हैं। मां नर्मदा की परिक्रमा से मुझे इस बात का एहसास हुआ है कि हर नदी का अपना चरित्र है, हर नदी का अपना जीवन है, हर नदी की अपनी वनस्पति है, और हर नदी के किनारे रहने वाले लोगों का अपना स्वभाव है और वह स्वभाव उसके जल के कारण है।

इस अवसर पर उनके साथ मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार भी उपस्थित थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल शुक्रवार की रात ताप्ती उद्गम स्थली पवित्र नगरी मुलताई पहुंचे थे उन्होंने बीती रात मां ताप्ती मंदिर पहुंचकर माँ ताप्ती मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की इसके बाद पवित्र नगरी में रात्रि विश्राम के बाद वह आज शनिवार वर्धा उद्गम स्थल खैरवानी पहुँचकर पूजा-अर्चना कर मां वर्धा का दर्शन लाभ प्राप्त किया। और इसके साथ ही वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

संक्षेप खबर

## नगर पालिका कार्यरत कर्मचारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश



**इटारसी।** आगामी भारी वर्षा की संभावनाओं को देखते हुए, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और सीएमओ ऋतु मेहरा ने गुरुवार को नगर पालिका के 250 कर्मचारियों को बरसात से बचाव के लिए बरसाती वितरित कीं। इस दौरान, उन्होंने सभी कर्मचारियों को बरसात भर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के सख्त निर्देश दिए और स्वच्छता विभाग के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गईं। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कर्मचारियों से कहा कि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें और जनता को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करें।

### सीएमओ ने कहा लापरवाही बर्दाश्त नहीं:

सीएमओ इटारसी ऋतु मेहरा ने कहा कि सभी को बरसाती शासन इसलिए प्रदान करता है ताकि कर्मचारी बारिश में भींगे नहीं और बरसात में काम भी प्रभावित न हो। साथ ही बारिश के मौसम मे बीमारियों के खतरे से भी बचा जा सके। बरसाती वितरण के दौरान विभाग के प्रभारी मयंक अरोरा, कमलकांत बड़गोती, जगदीश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### क्षतिग्रस्त भवनों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दी हिदायत

# जर्जर भवनों को तोड़कर विस सोहागपुर में जाएगा संयुक्त शासकीय कार्यालय

**सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय के पुराने खस्ताहाल शासकीय भवनों का निरीक्षण शनिवार को अधिकारियों तथा भाजपाईयों ने किया है। सूत्रों के अनुसार यह कवायद विधानसभा मुख्यालय पर संयुक्त शासकीय कार्यालय परिसर बनाने के लिए है।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

हरिभूमि संवाददाता ने मामले में अधिकारियों व भाजपाईयों से चर्चा की तो पता चला कि नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, एसडीएम अनिल जैन, बीआरसी राकेश रघुवंशी, भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया, पूर्व पार्षद जगदीश अहिरवार, पार्षद रविशंकर उईके, नप सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने उन सरकारी क्षतिग्रस्त भवनों का निरीक्षण किया, जो नई तहसील परिसर के आसपास स्थित हैं।

यद्यपि अधिकारियों ने कहा कि मंशा खस्ताहाल शासकीय भवनों को देखने की है। ताकि जरूरी हो तो जनक्षति की संभावनाओं को देखते हुए भवनों का डिस्मेंटल किया जा सके। चर्चा में सोहागपुर एसडीएम अनिल जैन ने बताया कि लोनिवी एसडीओ को उनके विभागीय नियमानुसार उल्लेखित भवनों के निरीक्षण के निर्देश दिए जाएंगे।

### संभव है बने संयुक्त कार्यालय परिसर

इधर प्रशासनिक व भाजपा सूत्र बताते हैं कि सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की मंशा अनुसार विधानसभा मुख्यालय पर संयुक्त शासकीय कार्यालय परिसर बनाया जा सकता है।

क्योंकि सोहागपुर में अधिकतर शासकीय कार्यालय आपस में दूर हैं। यदि अधिकतर शासकीय कार्यालय एक ही परिसर में स्थित होंगे तो ना सिर्फ प्रशासनिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी, अपितु विविध योजनाओं के हितग्राहियों को भी अधिकारी व कर्मचारी एक ही परिसर में



उपलब्ध हो सकेंगे। अतः यदि भवनों के निरीक्षण की कवायद नए शासकीय संयुक्त कार्यालय परिसर के लिए हो रही है तो यह बढ़िया काम हो सकता है।

### इन भवनों का किया निरीक्षण

शनिवार को अधिकारियों तथा भाजपाईयों ने कुछ खस्ताहाल भावनाओं का निरीक्षण किया है। इन क्षतिग्रस्त भवनों में रघुवंशीपुरा शासकीय स्कूल का पुराना भवन, आबकारी विभाग मदिरा भंडार गृह, नप का पुराना सामुदायिक भवन तथा पुराना आईटीआई भवन सम्मिलित हैं। ये सभी भवन ठीक स्थिति में नहीं हैं। अधिकारी स्पष्ट नहीं बता रहे हैं। लेकिन सूत्रों की मानें तो शनिवार का निरीक्षण सोहागपुर में संयुक्त सरकारी कार्यालय परिसर निर्माण की भूमिका है। अब भवनों की स्थिति की रिपोर्ट शासन-प्रशासन को भेजी जाएगी। फिर इन्हें तोड़कर संयुक्त कार्यालय परिसर बनाया जा सकता है। और यह क्षेत्र के लिए विधायक विजयपाल सिंह द्वारा बड़ी सौगात हो सकती है।

## ट्रक से कुचलकर भेड़ मरी, अभी भी भेड़ वाले कर रहे यातायात बाधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नर्मदापुरम पिपरिया प्रादेशिक राजमार्ग नंबर 22 पर बीते शुक्रवार से भेड़ों के झुंड नर्मदापुरम से पिपरिया की ओर सड़क पर जा रहे हैं जिस स्टेट हाईवे पर यातायात बाधित हो रहा है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार की शाम लगभग 7:00 बजे करेली से गुजरात जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही स लगभग 25 भेड़ों को कुचलकर मार दिया एवं फरार हो गया था सूचना मिलने पर माखन नगर पुलिस ने सड़क पर नाकाबंदी कर ट्रक को जब्कत किया एवं ट्रक चालक देवास निवासी रिजवान मंसूरी को हिरासतम लिया। उक्त घटना के बाद भी भेड़ों के झुंड अभीभी के स्टेट हाईवे का यातायात बाधित कर रहे हैं देखना यह हैं कि नर्मदापुरम पिपरिया स्टेट हाईवे का यातायात कैसे सुचारू रुप से चलेगा।।

## मजदूरों ने सौंपा मांग का ज्ञापन स्थानीय मजदूरों का मिले काम

### सहकारी समितियों बाहरी मजदूरों से करा रही कार्य

**पिपरिया।** सरकार के दारा सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से नो जगह मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। लेकिन सभी प्रबंधकोंके द्वारा एक साथ बाहर से मजदूर बुलाकर तुलाई कार्य कराया जा रहा है। जिसके कारण पिपरिया कृषि उपज मंडी के सभी मजदूर तुलावटी संगिनी अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने अपने ज्ञापन में कहा कि स्थानीय मजदूरों को काम दिया जावे। उन्होंने कहा कि सरकारी खरी दीमे बिहारके मजदूरको बुलाकर काम करना उचित नहीं है। उन्होंने तत्काल कामदेने कीबात रखी है। ज्ञापनकेदौरान अशोक रघुवंशी माधो सिंह रघुवंशी सहित अन्य सभी शामिल थे।

## मारुपुरा और कोर्ट चौराहे से रेलवे स्टेशन मार्ग पर अस्थाई पार्किंग आवाजाही में बनी अवरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर में रेलवे स्टेशन पहुंचने का एक मार्ग मारुपुरा क्षेत्र से, जबकि दूसरा मार्ग सिविल कोर्ट चौराहे से है। और इन मार्गों पर रेलवे स्टेशन के समीप अस्थाई दुकानों व वाहनों की पार्किंग से आवाजाही बाधा की समस्या वर्षों से बनी हुई है। खासकर शाम छह बजे से रात्रि 12 बजे तक स्टेशन क्षेत्र में ऑटो व अन्य चौपाहिया वाहन निकालना मुश्किल होता है। नागरिकों का कहना है कि होटलों के सामने सर्वाधिक समस्या होती है।

मामले में नागरिकों ने प्रशासन से व्यवस्था सुधार की मांग की है। समस्या से अवगत कराते हुए सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल ने कहा कि उन्होंने उक्त संबंध में संबंधित विभाग कर्मियों को अवगत कराया, लेकिन सुधार नहीं हुआ। जायसवाल के अनुसार शाम को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में महिलाओं का दुकानों पर सामग्री खरीदने जाना मुश्किल होता है। क्योंकि क्षेत्र में असामाजिक तत्व एकत्र होते हैं। आलोक जायसवाल ने कहा कि अब वे एसडीएम तथा टीआई को पत्र लिखकर मांग करेंगे कि रेलवे स्टेशन मार्ग का स्थाई तथा अस्थाई अतिक्रमण हटाएं। रात्रि में नियमित पुलिस गश्त की मांग करेंगे, ताकि असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण हो। जायसवाल ने आशंका व्यक्त की है कि स्टेशन क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के कारण किसी दिन गंभीर झगड़े की स्थिति बन सकती है।

## महादेव के जयकारों के साथ प्रारंभ हुई कांवड़ यात्रा

**पिपरिया।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन माह प्रारंभ होते ही ग्राम पंचायत बीजनवाड़ा से रेवा सेवा भक्तमडल के दारा सांडिया ग्राम पंचायत से मां नर्मदा का जल लेकर महादेव की नगरी पचमढ़ीमे भगवान शिव को स्नान करने के लिए कावड़ यात्रा प्रारंभकी गई दूसरी कावड़ यात्रा ग्रामपंचायत खेरी कला से पंडित मोहन शर्मा के नेतृत्व में प्रारंभ हुई जिसमें सैकड़ो महिला-पुरुष एवं नौजवान बच्चे बेटियां भी शामिलहुए सभीके द्वारा मां नर्मदा का जल लेकर खापरखेड़ा होते हुए पिपरिया पहुंचे जहां पर सिंधु भवन में उनको विश्राम कराया गया जटाशंकर यात्रा के नाम से यह यात्रा प्रतिवर्ष निकलती है इसमें भी अनेक युवक युवतियों के द्वारा कावड़मे नर्मदा जल लेकर लगभग 80 किलोमीटर की पैदल यात्रा तय करते हुए पचमढ़ी जटाशंकर महादेव को श्रवण के पहले सोमवार को स्नान कराए जाएंगे।

## बढ़े हुए दुकान किराए को लेकर व्यापार संघ मिला कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा साधारण व्यापक सम्मेलन में विगत 27 फरवरी को अपने एजेंडे के निर्णय क्रमांक छह के तहत बाजार क्षेत्र की समस्त किराना दुकानों के किराए में तीन रुपए प्रति वर्ग फुट प्रति माह की वृद्धि तथा नगर सुधार न्यास द्वारा निर्मित लक्कडग़ंज एवं नगर पालिका के नीचे वाली दुकानें एवं न्यास कालोनी स्थित दुकानों का किराया राशि एक रुपए प्रति वर्ग फुट प्रति माह की दर से वृद्धि वित्तीय वर्ष 2025-26 से किए जाने तथा प्रत्येक तीन वर्ष उपरांत स्वतः ही दुकान किराए में समयानुसार प्रचलित दर का 20 प्रतिशत वृद्धि करने का निर्णय लिया गया था।

इसके बाद व्यापारियों द्वारा स्थानीय विधायक को व्यापारिक समस्या बताते हुए किराए वृद्धि को कम करने की मांग की थी। व्यापारियों का तर्क था कि विगत 10 वर्षों से इटारसी बाजार के व्यापार में अत्याधिक गिरावट हुई है। एक ओर तो जहां शहर में कई बड़े बड़े मॉल आ चुके हैं तो दूसरी तरफ आनलाइन खरीदी का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ा है। शहर के अनेक स्थानों पर बड़ी बड़ी सेल भी खुल चुकी है, जिसके कारण व्यापार में तेजी से गिरावट आई है। कुछ वर्षों पूर्व कोरोना काल के चलते व्यापारियों को भारी आर्थिक हानि का सामना करना पड़ा है। व्यापारियों का कहना है ऐसी स्थिति में नगर पालिका द्वारा उक्त भारी किराया वृद्धि न्याय संगत नहीं है। इस दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा इटारसी सीएमओ रितु मेहरा को भी कलेक्टर कार्यालय में बुला लिया था। इसके बाद कलेक्टर ने सीएमओ से सवाल करते हुए कहा कि जब यह मामला आपके स्तर का था तो आपने से उसे गंभीरता से क्यों नहीं निबटाया।

सीएमओ ने कहा चूंकि यह फैसला परिषद की बैठक में पारित हुआ था इसलिए अब इस बढ़े हुए किराए पर फैसला अपील समिति के माध्यम से ही हो सकेगा। जिसके बाद सुश्री सोनिया मीना द्वारा सीएमओ को तत्काल ही व्यापारियों की इस समस्या के समाधान करने के निर्देश प्रदान किए। इसके पूर्व कलेक्टर द्वारा इटारसी व्यापार महासंगठन के पदाधिकारियों से लगभग आधा घंटे से ज्यादा समय तक विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर द्वारा व्यापारियों को नियमानुसार राहत देने का आश्वासन दिया। इसमें इटारसी व्यापार महासंगठन के अध्यक्ष मुकेश जैन, संयोजक धर्मदास मिहानी, संगठन मंत्री कैलाश नवलानी, मोहन मोरवानी, मोहनलाल चेलानी आदि मौजूद रहे।

## अपग्रेड किए जा रहे पुलिस थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे



**सोहागपुर।** सोहागपुर में नए थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे अपग्रेड किये जा रहे हैं। बताया जाता है कि थाने में कुछ वर्ष पूर्व सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। और अब पुराने कैमरों को नए सिरे से अपडेटेड वर्जन से री-इंस्टॉल किया जा रहा है। ताकि और बेहतर तरीके से पुलिस थाने में होने वाली गतिविधियों की निगरानी कर सके।

## सोहागपुर नप चला रही 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान, की गई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



सोहागपुर नप 'सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ' राष्ट्रव्यापी अभियान चला रही है। जिसमें जल व बेक्टीरिया जनित संक्रामक रोगों पर बचाव व रोक के लिए नप जन जागरूकता गतिविधियां संचालित कर रही है। सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि यह अभियान जुलाई माह में चलेगा। अभियान में नपकर्मी जनता को घर व आसपास स्वच्छता बनाने व सार्वजनिक स्थानों पर जलभराव रोकने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नप अध्यक्ष लता पटेल ने भी नागरिकों से अभियान में सहयोग की अपील की है। सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने समग्र स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए डंप साईट का निरीक्षण किया है। इस दौरान सीएमओ ने स्वच्छ भारत मिशन में अल्टेक एनवायरो प्रायवेट लिमिटेड प्रयागराज द्वारा जारी साइट रेमेडिएशन काम की समीक्षा की व आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि वर्षों से डंप किया गया कचरा खत्म करने के लिए साईट रेमेडिएशन शासन की खास परियोजना है। जिसमें पुरानी डंप साइट का रेमेडिएशन किया जा रहा है। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल व उपयंत्री ब्रजेश खानोरकर भी उपस्थित रहे।

## कन्या शाला में छात्राओं को साइकिल का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद क्षेत्र में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय प्रोत्साहन योजना में शामिल निशुल्क सायकल का वितरण करने का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद दर्शनसिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक ठाकुर दास नागवंशी विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममतानागवंशी जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल पवन वालिया अरविंद राय नीतीराज सिंह पटेल सभी महिला पार्षद कौशल्या ठाकुर सहित सभी स्कूलोंके शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं पालकों के साथ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी संदीपने विद्यालय केप्राचार्य संजीव दुबे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केप्राचार्य अरविंद रघुवंशी विनय मोहन शर्मा अजय दुबे बी आर सी प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम सरस्वती पूजा से शुरू हुआ मंच संचालन पी एन दुबे ने किया। मुख्यअतिथि सांसद ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को 572 साइकिल का वितरण किया गया विद्यार्थियों को सुविधा उपलब्ध कराएगी हमारी सरकार विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में पूर्व मुख्यमंत्री उमाभारती शिवराज सिंह चौहान के द्वारा शुरू की गई योजनाओं की जानकारी दी। विधायकने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार सुविधा उपलब्ध करा रही हैं अब सिर्फ पढ़ाई करनी है। नगर पालिका अध्यक्षने भी शासन की योजनाओं की जानकारी दी। जनपद उपाध्यक्ष ने भी शासन की एवं सरकार की योजनाओंकी जानकारी दी। सांसद ने प्रोत्साहितकरते हुए कहाकी वर्ष 2025 26 के लिए विकासखंड कक्षा 9 के 303 छठवीके242, को साइकिल का वितरणकिया गया। सांसद के दारा देश प्रदेश सरकार की योजनाओं कीजानकारी दी उन्होंने कहा कि 21वी सदी में चुनौतियां का सामना करना और अवसरों का लाभ उठानेके लिए तैयार करने की बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्वमें नई शिक्षानिति लागू की गई हैजिसका उद्देश्यशिक्षा को मजबूत एवं सरल बनाना है। विधायक ने भी अनेकों तरह के उदाहरण बच्चों को शिक्षा प्रेरित करनेके लिए दिए 4लाख बच्चों को साइकिल वितरण किया गया है।

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

# लीनेश क्लब ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लीनेश क्लब की ओर से सोहागपुर पिपरिया मार्ग स्थित रघुवंशी वेयरहाउस परिसर में गत दिवस वृहद पौधारोपण आयोजन किया गया है। क्लब अध्यक्ष कल्पना प्रमोद रघुवंशी ने बताया कि ग्राम करनपुर के समीप स्थित रघुवंशी वेयरहाउस के परिसर में फलदार तथा छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे गए हैं।

वहीं इन पौधों के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था भी क्लब की ओर से की जा रही है। समय-समय पर क्लब की सभी पदाधिकारी व सदस्य इन पौधों की देखरेख करने भी पहुंचेंगीं।




ताकि पौधों को पर्याप्त संरक्षण व संवर्धन प्राप्त हो सके। पौधारोपण कार्यक्रम में सोहागपुर लीनेश क्लब अध्यक्ष कल्पना रघुवंशी, सचिव नंदनी साहू, कोषाध्यक्ष शालिनी चौहान, संगीता खनूजा, क्षमा दीवान, तरुणा माहेश्वरी, मीना भावसार, बबीता चौरसिया, स्मृति अग्रवाल व अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की।

## कॉलेज प्राचार्य के विरोध में आई एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शुक्रवार को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ एनएसयूआई का गुस्सा फूट पड़ा , कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य के कक्ष के बाहर प्राचार्य की फोटो चस्पा कर उसे विद्यार्थी परिषद का गमछा पहनाकर यह आरोप लगाया कि प्राचार्य को खुले रूप से परिषद की सदस्यता ले लेना चाहिए और पद से इस्तीफा दे देना चाहिए इस दौरान प्राचार्य के खिलाफ जम कर नारे बाजी हुई और प्राचार्य कार्यकर्ताओं के बीच बहस चलती रही। यह सारे घटना क्रम को सत्ता के दबाव में शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग बताते हुए प्रदर्शन किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आफरीद खान, कॉलेज अध्यक्ष अभय सैनी नगर अध्यक्ष रितिक चौहान ब्लॉक अध्यक्ष पीयूष जैन , विनय मालवीय, सार्थक जैन ईशन गुप्ता, हर्ष मलैया, स्नेहा यादव आदि मौजूद रहे।

## मुस्कान बालिका गृह पहुंचा दल, बच्चियों की शिक्षा, स्वास्थ्य व पुनर्वास व्यवस्था पर संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महिला एवं बाल विकास विभाग, नर्मदापुरम के निर्देशानुसार सभी बाल संरक्षण संस्थाओं के निरीक्षण एवं मूल्यांकन के अंतर्गत एडीएम डीके सिंह के नेतृत्व में एक विशेष निरीक्षण दल ने मुस्कान बालिका गृह, इटारसी का दौरा किया।

इस अवसर पर उनके साथ महिला बाल विकास अधिकारी ललित कुमार डेहरिया, बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल एवं रईस कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र कौरव, सदस्य श्याम सिंह मीणा एवं श्रीमती सारिका कतरे तथा समाजसेवी डॉक्टर देवदत्त भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान दल ने बच्चियों से आत्मीय संवाद कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पुनर्वास व्यवस्था की जानकारी



प्राप्त की। एडीएम डीके सिंह ने पूर्व में संस्थान परिसर में लगाए पौधे का निरीक्षण किया एवं नए पौधों का रोपण भी किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में संस्था की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। संस्था के संचालक मनीष ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में 33 बच्चियां संस्था में निवासरत हैं, जबकि इस वर्ष 45 बालिकाओं का सफल पुनर्वास किया है। सभी बच्चियां शिक्षा से जुड़ी हैं एवं स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण भी प्राप्त कर रही हैं।

एडीएम डीके सिंह ने कहा कि बालिकाओं के सुरक्षित, स्वस्थ और स्नेहमयी वातावरण में पालन-पोषण के लिए शासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, पोषण और शिक्षा के साथ-साथ बच्चियों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी बाल संरक्षण संस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण अत्यंत आवश्यक है। संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे शासन द्वारा जारी मानकों का गंभीरता से पालन करें एवं यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं विकासशील वातावरण मिले।

## खबर संक्षेप



### माध्यमिक शाला में 18 साइकिलों का वितरण

**रहटगांव।** शनिवार को शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पाडरमाटी में जनप्रतिनिधियों द्वारा18 साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच माधुरी बड़ोदिया शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राधेश्याम संकुल प्राचार्य मनोज मिंज, गजानन गौर जन शिक्षक महेश चोरे संजय कुमार वर्मा , संतोष गौर तथा शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### जिले के 20 गांवों में आज होगी बिजली की कटौती

**हरदा।** जिले में रविवार को मेंटेनेंस कार्य के कारण 20 से अधिक गांवों में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। अलग-अलग क्षेत्रों में सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 132 केवी उपकेन्द्र छीपाबड़ से निकलने वाले 33 केवी टेमलावाड़ी फीडर पर तकनीकी कार्य किया जाएगा। इसके चलते टेमलावाड़ी और सोमगांव उपकेन्द्र से जुड़े सभी 11 केवी फीडर प्रभावित रहेंगे। प्रभावित गांवों में टेमलावाड़ी, खेड़ा, कुड़िया हीरापुर, जयमलपुरा, प्रतापपुरा, गोपालपुरा, भवदा, जुनापानी, भवर्दी, मक्तापुर, पीएम नवोदय विद्यालय चारूवा सोमगांव, नहाली, हसनपुरा, भगवानपुरा और कांधमी शामिल हैं। यह कटौती सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगी। इसी प्रकार टिमरनी तहसील के करताना लाइन से जुड़े गांवों में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक कटौती 33 केवी करताना लाइन पर भी मेंटेनेंस कार्य होगा। इससे करताना, तजपुरा, सन्यासा, शमशाबाद, छीपानेर और गोंदा गांवों से जुड़े क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। यह कटौती सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक की जाएगी।

### सर्पदंश से 5 साल की मासूम ने तोड़ा दम

**हरदा।** हंडिया थाना क्षेत्र के गांव अजनास में शुक्रवार रात सांप के काटने से एक पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची मजदूर रामकिशन कोरकू की बेटी दीपिका उर्फ कुप्पा थी। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे दीपिका घर में खेल रही थी, तभी उसे सांप ने काट लिया। बच्ची खेलते-खेलते सो गई। करीब एक घंटे बाद जब उसकी नींद खुली तो तबीयत बिगड़ने पर उसने बताया कि उसे सांप ने काटा है और सांप घर की दीवार की दरार में चला गया है। परिजन रात करीब तीन बजे बच्ची को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद बच्ची ने दम तोड़ दिया।

### पति ने मालगाड़ी से कटकर दी जान

**हरदा।** रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति मालगाड़ी के सामने कूद गया। मालगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। दो दिन पहले ही वह पत्नी के साथ दादाजी दरबार में दर्शन को खंडवा पहुंचा था। बताया गया कि पत्नी के साथ स्टेशन पर था। ट्रेन आने पर अचानक कूदा, जिससे उसके सिर में चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे का है। प्लेटफॉर्म नंबर दो पर एक युवक ने मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान छिंदवाड़ा जिले की सौसर तहसील के ग्राम रामथेक दमामी निवासी अविनाश धुर्वे (34) के रूप में हुई। वह अपनी पत्नी ज्योति के साथ दो दिन पहले गुरु पूर्णिमा पर दादाजी दरबार के दर्शन के लिए खंडवा गया था। जीआरपी के एएसआई जगन्नाथ सिंह धुर्वे के अनुसार शुक्रवार सुबह से ही अविनाश का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। दंपती इटारसी जाने के लिए काशी एक्सप्रेस में सवार हुए। उन्हें वहां से रात को पंचवैली एक्सप्रेस पकड़नी थी। अविनाश ने जिद करके हरदा स्टेशन पर ट्रेन से उतरने का फैसला किया। प्लेटफॉर्म पर अगली ट्रेन का इंतजार करते समय उसने पत्नी को चकमा दिया। इटारसी की ओर जा रही एक मालगाड़ी के सामने कूदकर उसने जान दे दी। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पत्नी के बयान लिए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने लाडली बहनों के खाते में राशि अंतरित की

# जिले की 93573 लाड़ली बहनों के खाते में आए 11.40 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन जिले के ग्राम नलवा से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में जुलाई माह की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख बहनों को 1503 करोड़ 14 लाख की 26वीं किश्त उनके खातों अंतरित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ की राशि तथा 30 लाख से अधिक बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफलिंग की 46 करोड़ 34 लाख की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरण की। इस अवसर पर हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी व लाड़ली बहनाएं उपस्थित थी। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इसके अलावा तहसील व पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नलवा में आयोजित राज्य



स्तरीय कार्यक्रम में जिले की 93573 महिलाओं के बैंक खातों में 11.40 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान जनपद पंचायत हरदा की 23766, जनपद पंचायत खिरकिया की 22969, जनपद पंचायत टिमरनी की 25979, नगर पालिका हरदा की 11684, नगर परिषद खिरकिया की 3552, नगर परिषद सिराली की 2292 तथा नगर परिषद टिमरनी की 3331 लाड़ली बहनों के खाते में राशि अंतरित की गई।

### 2.31 करोड़ रुपए किए अंतरित

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जिले के 38638 हितग्राहियों के खाते में 2.31 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना के तहत 761, वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 13693, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 4600, कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 399, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता के तहत 837, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के तहत 14, कल्याणी पेंशन योजना के तहत 11713, मंदबुद्धि अथवा बहुविकलांग को आर्थिक सहायता के तहत 723, वृद्धाश्रम में निवासरत अंतःवासियों को पेंशन योजना के तहत 14, सामाजिक सुरक्षा निःशक्तजन पेंशन योजना के तहत 4463, परित्यक्ता पेंशन योजना के तहत 187 तथा सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 1234 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की।

## ठगी के मामले में कार्रवाई से नाराज करनी सेना ने किया प्रदर्शन

# पुलिस ने किया करनी सेना के जिलाध्यक्ष सहित अन्य पर लाठी चार्ज, 4 गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में शनिवार शाम करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर कार्रवाई को लेकर थाने के सामने प्रदर्शन किया। सिटी कोतवाली थाने के सामने हुए प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और करणी सेना जिला अध्यक्ष सुनील राजपूत समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया। विवाद एक सात महीने पुराने हीरा ठगी केस में चालान पेश किए जाने को लेकर हुआ। करणी सेना के कार्यकर्ता थाने के सामने प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप था कि पुलिस ने 420 के मामले में रुपए लेकर एकतरफा कार्रवाई की है। प्रदर्शन के चलते थाने और कोर्ट परिसर का कामकाज प्रभावित हो रहा था, जिस पर पुलिस ने बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को हटाया। हरदा कोतवाली प्रभारी प्रहलाद सिंह मर्सकोले ने बताया कि सुनील राजपूत, आशीष राजपूत, शुभम और रोहित को धारा 170 ( पहले भादवी की धारा 151) मे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सात महीने पहले 18 लाख के हीरे की ठगी का मामला घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जहां आशीष राजपूत नाम के युवक ने तीन लोग विक्की उर्फ विकास लोधी, मोहित वर्मा और उमेश तपानिया पर 18 लाख के हीरे की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। एफआईआर में 420, 406, 120बी और 34 की धाराएं लगाई गई थीं।

### हीरा चेक कराने के नाम पर नकली थमा दिया

जानकारी के अनुसार मोहित वर्मा ने हरदा के आशीष की इंदौर में उमेश तपानिया से पहचान कराई और आनंद ज्वेलर्स से हीरा चेक कराकर सौदा तय करवाया। हीरे के बदले नकद 16.79 लाख और दो ट्रांजेक्शन में 70 हजार रुपये दिए गए। कुछ दिन बाद आरोपियों ने हीरे की कीमत बढ़ने का हवाला देकर दोबारा संपर्क किया और आशीष को इंदौर बुलाकर मुंबई ले गए। वहां हीरा चेक कराने के नाम पर नकली हीरा थमा दिया। इसके बाद ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। शनिवार को इसी केस में चालान कोर्ट में पेश किया जा रहा था, जिसको लेकर करणी सेना के लोगों ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए प्रदर्शन किया।

## हत्या के दोनों आरोपी गिरफ्तार

# आतंकवाद के खिलाफ लगाए नारे, अय्यू की मौत से आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

शहर के दुबे कॉलोनी निवासी अय्यू उर्फ शादाब अली की हत्या के बाद शनिवार को हुए जनाजे में लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आया। जनाजे में शामिल लोगों ने देवबंदी आतंकवाद मुर्दाबाद और पाकिस्तान से चंदा लेने वालों के खिलाफ नारे लगाए। जनाजे में लगभग दो हजार लोग शामिल हुए। सुरक्षा की दृष्टि से दुबे कॉलोनी क्षेत्र में सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार रात अय्यू की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में पहले आरोपी भय्यु उर्फ अल्ताफ को जिला अस्पताल में ही हिरासत में ले लिया था, जबकि दूसरे आरोपी सोहेल को शनिवार को सिरपुर गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, इस हत्याकांड की साजिश में और भी लोगों की संलिप्तता की जानकारी सामने आई है।

### आरोपी कई दिन से अय्यू को धमका रहे थे

परिजनों का आरोप है कि आरोपी कई दिनों से अय्यू को धमका रहे थे। उन्होंने टीआई से लेकर डीजीपी तक शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि आखिरकार उन लोगों ने हमारे बेटे को मार ही डाला। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद अय्यू को दोपहर 3 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजा निकलने से लेकर कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार तक पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान डीएसपी हेडक्वार्टर अनिलसिंह चौहान, सीएसपी अभिनव बारंगे सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। हत्या की घटना पदमकुंड क्षेत्र में विवेक ट्रांसपोर्ट के पीछे हुई। बताया गया है कि आरोपी भय्यु का घर भी वहीं है। आरोपियों ने अय्यू को उसी जगह बुलाकर उसकी हत्या की। रमजान महीने से ही मृतक और आरोपियों के बीच विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया।

# विधायक ने नगर में निकली मां वैष्णो देवी अखंड ज्योत रथ यात्रा का स्वागत कर रवाना किया

## रथ पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया गया

**खंडवा।** नगर में निकली मां वैष्णो देवी अखंड ज्योत पैदल रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस शुभ अवसर पर खंडवा विधायक मुकेश कंचन तनवे ने दादाजी वार्ड से निकली यात्रा का आत्मीय स्वागत करते हुए भक्त दल को मंगलमयी यात्रा के लिए रवाना किया।

यात्रा आरंभ से पहले विधायक मुकेश कंचन तनवे ने गो माता को गुड़ खिलाकर शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात रथ पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया गया। रथ यात्रा में शामिल अखंड ज्योत पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान लोकेन्द्र सिंह गोड़, सतनाम सिंह होरा, नानूराम मांडले, यशदीप चोरे, प्रशांत मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने रथ यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में टिल्ला





नायडे, चेतराम विश्वकर्मा, गोपाल सेन गज्जू बाबा, ससि वर्मा, हुकुम फूलमाली, हरी बाबा सहित कई प्रमुख श्रद्धालुओं का विधायक मुकेश कंचन तनवे द्वारा स्वागत किया गया। भक्तिमय वातावरण में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों, महिला-पुरुषों व बच्चों की उपस्थिति रही। यात्रा के दौरान नगर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। जयकारों से गूंजते वातावरण ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आयोजकों द्वारा यात्रा को सफल बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। खंडवा में हर वर्ष आयोजित होने वाली इस पदयात्रा को लेकर जनमानस में विशेष श्रद्धा और उत्साह देखने को मिलता है।

# देवतलाब, बागरूल, अजनास रैयत व हंडिया में जनसंख्या व कानूनी विषयों पर किया जागरुक

## विश्व जनसंख्या दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेडा, ग्राम देवतलाब, बागरूल, अजनास रैयत एवं पंचायत भवन हंडिया में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीश एवं सचिव चंद्रशेखर राठौर ने उपस्थित जनों को जनसंख्या दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि और इसके समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर पडने वाले प्रभावों के बारे में जागरूकता




बढ़ाना है। विश्व जनसंख्या दिवस की शुरुआत 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा की गई थी। उन्होने बताया कि 11 जुलाई 1987 को दुनिया की आबादी 5 अरब तक पहुंचने की घटना से प्रेरित होकर, इस दिन को मनाने का फैसला लिया गया था, जिसे पांच अरब दिवस के रूप में जाना जाता है।

## डॉ. शाह सुहागी और सुंदरदेव गांव पहुंचे

# सर्पदंश पीड़ित परिवार को सहायता छात्रा को छात्रावास प्रवेश के निर्देश



**खंडवा।** जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. विजय शाह ने शनिवार को खालवा विकासखंड के आदिवासी बहुल ग्राम सुंदरदेव और सुहागी का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। सुंदरदेव गांव में डॉ. शाह ने शंकर कोरकू के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की। शंकर के पुत्र नरेश की हाल ही में सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। मंत्री ने तहसीलदार और एसडीएम को निर्देश दिए कि राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत परिजनों को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता शीघ्र प्रदान की जाए। उन्होंने मौके पर मृतक परिवार को 15 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता और 5 हजार रुपए की अंत्येष्टि सहायता के चेक सौंपे। इसके अलावा एक दिव्यांग युवक को सहारा देने के लिए छड़ी भी प्रदान की गई। ग्राम सुहागी में डॉ. शाह ने नवनिर्मित सीसी रोड का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान छात्रा पूजा मार्को ने बताया कि वह 11वीं कक्षा में असफल हो गई थी, जिससे छात्रावास में प्रवेश नहीं मिला और पढ़ाई छूट गई। इस पर मंत्री ने जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों को पूजा को छात्रावास में प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए, ताकि वह पढ़ाई जारी रख सके। भ्रमण के दौरान तहसीलदार खालवा राजेश कोचले, जनपद पंचायत खालवा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी टीना पवार और क्षेत्र संयोजक नीरज पाराशर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### निजी क्लीनिक पर बैठने वाले चिकित्सक पर हो कड़ी कार्रवाई : पंकज शर्मा

**सीहोर।** जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालागुरु के. के नाम संबोधित एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने अपने कार्य में घोर लापरवाही बरतकर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले जिले के सबसे बड़े सीहोर जिला अस्पताल के चिकित्सक फैजल अंसारी पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा अब तक कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई ना किए जाने का मामला उठाया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर जिला अस्पताल में आए दिन अनियमितताओं की खबरें सामने आती रहती हैं, जिनसे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे ही एक मामले में जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉक्टर फैजल अंसारी ने ड्यूटी के समय दो किराए के डॉक्टरों को अस्पताल में लगाकर स्वयं अपने निजी क्लीनिक पर मरीजों को देखने का कारनामा कर मरीजों के स्वास्थ्य से गंभीर खिलवाड़ किया था।

# कार सहित अवैध सागौन की सिल्लियां जब्त, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहगंज

बुधनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले खटपुरा बीट के जंगल से इमारती लकड़ी सागौन की तस्करी का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने कार का पीछा किया तो सड़क किनारे कार खड़ी कर बदमाश भाग निकले। टीम ने कार सहित सागौन लकड़ी जब्त कर वन अपराध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों की पहचान भी वन विभाग की टीम द्वारा कर ली गई है।



**तेज रफ्तार कार का 15 किमी किया पीछा:** जानकारी के अनुसार शुक्रवार अलसुबह मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम खटपुरा के जंगल से इमारती लकड़ी सागौन की तस्करी एक सफेद रंग की कार से की जा रही है। सूचना पर वन विभाग द्वारा एक टीम का गठन कर सर्चिंग अभियान चलाया गया। टीम को खटपुरा की मुख्य सड़क पर जंगल से आती हुई एक कार दिखी जिसे घेराबंदी कर रोकना चाहा, लेकिन कार चालक वन विभाग की टीम को देखकर कार को बुधनी की तरफ तेज रफ्तार से ले गया। जिसका पीछा वन विभाग की टीम कर रही थी। बताया जा रहा है कि ग्राम खटपुरा से करीब 15 किमी दूर ग्राम बगबाड़ा के पुल के समीप आरोपी कार को मुख्य सड़क के किनारे लगाकर भाग निकले। वन विभाग की टीम ने कार क्रमांक डीएल 7 सीएफ 3122 और उसमें रखी आठ नग सागौन सिल्लियों को जब्त कर वन अपराध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जब्त की गई सागौन सिल्लियों की अनुमानित कीमत आठ हजार रुपए है।